दिल्ली संसदीय सचिवों के मामले पर बोले अकबर

आयोग का रुख सामने आते ही सार्वजनिक करुंगा उनकी चिट्ठी

रायपुर। लाभ के पद मामले में दिल्ली की आप सरकार के 20 विधायकों की सदस्यता चुनाव आयोग द्वारा रद्द कर दी गई है। चुनाव आयोग के इस फैसले का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा असर हो सकता हैं। प्रदेश में भाजपा के 11 विधायकों को संसदीय सचिव बनाया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त के इस फैसले का छत्तीसगढ़ पर क्या असर पड़ेगा इसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है। हालांकि प्रदेश में संसदीय सचिवों का मामला हाईकोर्ट में अंतिम चरण में है।

इस मामले में मोहम्मद अकबर ने कहा कि उन्होंने विधिवत इस मामले में राज्यपाल से इन नियुक्तियों को अवैध बताते हुए रद्द करने और विधायकी खत्म करने के 22 आवेदन दिया था। राज्यपाल ने जब 15 दिन तक कोई जवाब नहीं दिया तो उन्होंने चुनाव आयोग को लिखा। चुनाव आयोग ने इसका जवाब दिया। जिसे वो तब सार्वजनिक करेंगे जब चुनाव आयोग का दिल्ली के मामले में रुख सामने आएगा। उन्होंने कहा कि नियम के मुताबिक राज्यपाल को इस मामले को चुनाव आयोग को भेजना था। लेकिन जब राज्यपाल ने सुनवाई नहीं की तो वे हाईकोर्ट गए। जहां सुनवाई अंतिम दौर में है। अकबर ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में फैसला आएगा।

हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना

हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देकर संसदीय सचिवों को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सभी अधिकारों पर रोक लगा दी थी। ये आदेश 1अगस्त को दिया था। प्रदेश में संसदीय सचिवों को शासकीय वाहन, निज सचिव, अतिरिक्त वेतन व भत्ते देने का प्रावधान है। हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए यहां बकायदा अभी तक संसदीय सचिवों को वो सारी सुविधाएं दी जा रही है।

ये हैं संसदीय सचिव

अंबेश जांगड़े, लाभचंद बाफना, लखन लाल देवांगन, मोतीराम चंद्रवंशी, रूपकुमारी चौधरी, शिवशंकर पैकरा, सुनीति सत्यानंद राठिया, तोखन लाल साहू, चंपा देवी पावले, गोवर्धन सिंह मांझी, राजू सिंह क्षत्रिय।

सुप्रीम कोर्ट ने भी अवैधानिक करार दिया

इसके पहले सिक्किम और असम में संसदीय सचिव पद को अवैधानिक करार दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि राज्यों की विधानसभाओं को संसदीय सचिव बनाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने आसाम में संसदीय सचिवों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जे चेलेमेश्वर,आर. के अग्रवाल और अभय मोहन सप्रे की तीन जजों की पीठ ने अपने 39 पेज के फैसले में कहा कि राज्य की विधानसभाओं को संविधान के अनुच्छेद 194(3) और एंट्री 39 के तहत संसदीय सचिवों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है।

क्या गिर सकती है रमन सिंह सरकार ?

मोहम्मद अकबर की मांग अगर कोर्ट ने मान ली तो 11 विधायकों को गंवाने के बाद रमन सिंह सरकार अल्पमत में आ सकती है। लेकिन तब भी इस फैसले के खिलाफ दोनों पक्षों के पास सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता खुला रहेगा।

हाईकोर्ट में फैसला है पेंडिंग

संसदीय सचिवों के मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट में तीन याचिकाएं लगाई गई है। दो याचिका पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर की ओर से लगाई गई है वहीं एक याचिका आरटीआई कार्यकर्ता राकेश चौबे ने दायर किया है। अपनी याचिकाओं में मोहम्मद अकबर और राकेश चौबे ने संसदीय सचिवों की नियुक्ति को चुनौती दी है। मोहम्मद अकबर की याचिका सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। अपनी दूसरी याचिका में मोहम्मद अकबर ने मांग की है कि संसदीय सचिवों को लाभ का पद मानते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता ख़त्म की जाए।

छत्तीसगढ़ में मिल रही है मंत्रियों की तरह सुविधाएं

दिल्ली सरकार का दावा है कि वहां के संसदीय सचिवों को किसी तरह का कोई लाभ नहीं दिया जा रहा था, न उन्हें गाड़ी मिली थी और न ही बंगला। लेकिन छत्तीसगढ़ में मामला ठीक इसका उल्टा है यहां के संसदीय सचिवों को एक मंत्रियों की तरह ही सारी सुविधाएं प्राप्त हैं। उन्हें गाड़ी, बंगला, वेतन-भत्ता, स्टाफ सहित वो सभी सुविधाएं दी जा रही हैं जो कि किसी मंत्री को प्राप्त होती है।

चार दिवसीय कचरा महोत्सव का उद्घाटन

रायपुर। रायपुर नगर निगम तथा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आज दोपहर कचरा महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। चार दिवसीय इस आयोजन में मुंबई की सुप्रसिद्ध जेजे स्कूल आफ आर्ट्स समेत देष के नामचीन कलाकार बेकार पडी चीजो का न सिर्फ उपयोग करने का प्रषिक्षण देंगे बल्कि यह भी सिखायेंगे कि इनसे आजीविका का साधन कैसे बन सकता है।

रायपुर नगर निगम के मुख्यालय भवन के सामने स्थित उद्यान में चल रहे इस आयोजन में कचरे में पड़ी सामानो को इकठ्ठा कर डेढ दर्जन से अधिक आकर्षक स्ट्रक्चर तैयार किये गये है। इनमे आधुनिक कला के साथ ही पुरानी तरह की कलाकारी भी दिखाई पडती है। इधर-उधर के कबाड को जोड तोडकर बनाये गये इन स्ट्रक्चर में अधिक खर्ज भी नहीं किया गया है। मुंबई के स्लम एरिया धारावी के बच्चों ने कबाड का उपयोग कर बहुचर्चित धारावी राक्स नामक बैण्ड बनाया है। इसी तरह बैंग्लोर के भी लोगो ने थलवट्टम नामक रॉक बैण्ड बनाया है। दोनो ही ग्रुप कार्यक्रम स्थल में प्रतिदिन अपनी प्रस्तुति देने के साथ ही प्रषिक्षण भी देंगे। मुंबई के जेजे स्कूल आफ आर्ट्स के कलाकारो के साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रमोद साहू, संदीप राजपूत, तेजिन्दर सिंह तथा अन्य कलाकार भी वेस्ट को बेस्ट बनाने का प्रषिक्षण देने मौजूद रहेंगे। इसके अलावा यहां चार दिनों तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक अलग-अलग सत्र में प्रशिक्षण के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेंगी। कार्यक्रम के पहले ही दिन आज अलग-अलग स्कूलों के 400 बच्चे प्रशिक्षण लेने दोपहर में ही पहुंच गये थे। प्रतिदिन शाम को यहां कबाड से बनी चीजो को बेचने के लिए स्टाल भी लगाई जायेगी। आज कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल में महापौर प्रमोद दुबे, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, निगम सभापति प्रफुल्ल विष्वकर्मा, निगमायुक्त रजत बंसल, नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौड, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, एजाज ढेबर, जसबीर सिंह ढिल्लन, अजीत कुकरेजा, सतनाम पनाग भी मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओ ने कहा कि कबाड से जुगाड के लिए आयोजित कचरा महोत्सव अपनी तरह का एक अनुठा कार्यक्रम है। जिसमें बेकार पडी चीजों को उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि सिंगापुर एयरपोर्ट में टायरो को काटकर सजाकर रख दिया गया है।

महोत्सव में पहुंचे मुंबई के जेजे स्कूल आफ आर्टस के कलाकार

पुलिस महानिदेशक ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

रायपुर। पुलिस महानिदेशक ए.एन. उपाध्याय ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त रेंज पुलिस महानिरीक्षकों, उप पुलिस महानिरीक्षकों एवं सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को संबोधित करते हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारी की जानकारी ली। पुलिस विभाग द्वारा प्रकरणों में की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने तथा विधानसभा सत्र के दौरान एवं पूर्व में जिलों द्वारा भेजे जाने वाली जानकारी को पुलिस अधीक्षक स्वयं विश्लेषण कर पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। पुलिस महानिदेशक श्री उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं की जानकारी लेते हुए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। अपराधों में संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्यवाही करने तथा पिछले वर्षो के लंबित प्रकरणों, गुम इंसानों और समंस वारंट पर प्रभावशाली कार्यवाही करते हुये शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस महानिदेशक ने दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को शीघ्र उपचार एवं आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रभावशाली कदम उठाने हेतु समझाईश देते हुये सुगम एवं सुरक्षित यातायात के ऊपरी तौर पर दिखने वाले विरोधाभाष को दूर करने के प्रयास हेतु पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया।

14 सालों में सीएम की विदेश यात्रा से कितना हुआ निवेश

रायपुर। कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा पर आरोपों की बौछार की है। कांग्रेस ने इस बार मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा पर सवाल खड़ा किया है। कांग्रेस ने पूछा कि पिछले 14 सालों में मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बाद कितनी विदेशी कंपनियों ने छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित किया है। इन कम्पनियों में कितने लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा से कितना फायदा प्रदेश को मिला। कांग्रेस का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री को लगता है कि यह आखिरी साल है। जितना घूम सको घूम लो। इसके अलावा कांग्रेस का यह भी कहना है कि भाजपा में कही घबराहट तो है। तभी एक के बाद एक भाजपा के बड़े नेता छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने शुकवार को दिल्ली रवाना होने के पूर्व पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बारे में सब लोग जानते है, किस तरह की सरकार इन लोगों को 14 साल में दी है और अब तो 15 वें साल में प्रवेश कर रहे है। एक तरफ मुख्यमंत्री विदेशों में 14 साल से घूमने का काम कर रहे है। 14 साल में एक भी कंपनी विदेशों से आई हो, यहां पर उद्योग लगाया हो तो बतायें। अब उनको लगता है आखिरी साल है उनके जाने का, जितना भी घूमना फिरना हो कर लिया जाये। मुख्यमंत्री और मंत्री विदेशों के दौरे कर रहे लेकिन गरीब आदमी या आदिवासी, या अनुसूचित जाति या पिछड़े वर्ग या स्थानीय निवासियों को लाभ हुआ हो, रोजगार मिला हो तो बतायें। जो यहां की कंपनियां, हिन्दुस्तान की कंपनियां उद्योग लगाती है, यहां पर प्राकृतिक संसाधन है, खनिज संपदा का भंडार, उसके दोहन के लिये जो इंडस्ट्रीज लगे है जो कर्मचारी लगे है वो बाहर से ले आयें है जो मजदूर है, कर्मचारी है बाहर से ले आये, उनमें तो यहां के लोगों को कुछ लाभ मिला नहीं। ऐसे में विदेशी कंपनियों के आने से क्या होगा? घरघोड़ा के तरफ रास्ते में देखा, पेड़ों में कालिख पुती हुई है, कोल के डस्ट है।

पीएल पुनिया ने भाजपा से पूछा सवाल

फोर्स ने स्कूल पर किया कब्जा, उधार के भवन में एक शिक्षक गढ़ रहा भविष्य

बीजापुर। एक ओर सरकार 14 साल बेमिसाल के नारे लगाते नहीं थक रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की स्थिति इस कदर दयनीय है कि उन्हें शिक्षकों की कमी के साथ उधार के भवनों में अपना भविष्य गढ़ना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 14 किमी दूर चेरपाल में यह तस्वीर नजर आती है। वहां 37 बच्चों महज एक शिक्षक के भरोसे अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। अकेला शिक्षक भी पहली से पांचवी तक के इन बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। इन बच्चों के लिए बने स्कूल भवन में पिछले आठ साल से फोर्स का कब्जा है।

बच्चे अपने ही गांव में उधार के भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत चेरपाल जिला मुख्यालय से 14 किमी दूर स्थित है। इस गांव में प्राथमिक शाला मोदीपारा का संचालन हो रहा है, जहां पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक 37 बधो अध्ययनरत हैं। इन बच्चों के लिए महज एक शिक्षक की पदस्थापना की गई है। शिक्षक तुलसी राम पटेल बताते हैं कि इस समस्या को लेकर कई बार जनदर्शन में आवेदन किया जा चुका है।

गांव के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से मिल चुके हैं। बावजूद आजतक दूसरे शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाई है। फोर्स के आने के बाद प्राथमिक शाला मोदीपारा के भवन पर जवानों का कब्जा हो चुका है। इसके बाद से स्कूल का संचालन कुछ वर्षों तक गांव के मंगल भवन में किया जा रहा था, परंतु मंगल भवन के जर्जर होने के चलते अब इस स्कूल का संचालन पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र में किया जा रहा है। तुलसी राम बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले उनके साथ इस स्कूल में एक और शिक्षक तोकल सोमा भी हुआ करते थे, परंतु उन्हें बाद में मुख्यालय भेज दिया गया। इसके बाद से वे एकमात्र शिक्षक हैं जो स्कूल का संचालन कर रहे हैं।

हाथियों के झुंड से घिरे तीन परिवार सुबह होने का करते रहे इंतजार

तुमला (जशपुर)। गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात बाबूसाजबहार की बस्ती खड़ियापारा को हाथियों के झुंड ने घेर लिया। बस्ती के अंतिम छोर में स्थित तीन घर के

परिजन घंटों घिरे रहे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथियों को गांव के बाहर खदेड़ा। ओडिशा की सीमा पर स्थित तुमला थाना क्षेत्र के तुमला, टिकलीपारा, अंकीरा, कोनपारा, कोल्हेनझरिया जैसे कई गांवों में दिन ढलते ही खाने की तलाश हाथियों का झुंड आ जाता है। ग्रामीणों को व उनके घरों को नुकसान पहुंचाने के साथ खेतों में फसलों को भी हाथियों का दल नुकसान कर रहा है। अपनी जान और घर बचाने के लिए ग्रामीण लगातार रतजगा कर रहे हैं। फरसाबहार तहसील केखड़ियापारा ग्रामीणों के मुताबिक झुंड में 10 से 15 हाथी थे। बस्ती के अंतिम छोर में स्थित तीन घरों को हाथियों के झुंड ने घेर लिया। उनके चिंघाड़ से पूरा बस्ती दहल उठा। तीन परिवार के लोगों ने जैसे ही घर के बाहर निकले का प्रयास किया, हाथियों को चारों ओर से घेरा डाले देख कर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। घर के बाहर हाथियों के झुंड से इन तीनों परिवार को मन में बस एक ही डर बना हुआ था कि कहीं धान की महक पाकर हाथी घरों पर हमला न कर दें। वहीं दूसरी ओर खदेड़ने का प्रयास करने पर घर को नुकसान पहुंचने की आशंका से कुछ नहीं कर पा रहे थे। ग्रामीणों ने मोबाइल से बस्ती में हाथियों के बड़े झुंड के घुस आने की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंच कर हाई बीम टॉर्च और सायरन की मदद से घरों के घेरे हुए हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा।

में दो नक्सलियों का हथियार के साथ समर्पण

दंतेवाड़ा। फोर्स के बढ़ते दबाव और नक्सलियों से तंग आकर माड़ डिवीजन के दो नक्सलियों ने हथियार और विस्फोटक के साथ आत्मसमर्पण किया। माड़ डिवीजन में सक्रिय दोनों नक्सलियों ने कहा कि अब जंगल में भटकने की बजाए आम लोगों की तरह परिवार के साथ जीना चाहते हैं। एसपी कमलोचन कश्यप ने दोनों को दस-दस हजार रुपए का प्रोत्साहन दिया।

एएसपी नक्सल आपरेशन जीएन बघेल ने बघेल ने बताया कि माड़ डिवीजन में सक्रिय जनमिलीशिया सदस्य मुन्ना और नेल्लीराम ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया है। दोनों नक्सली अपने साथ दो भरमार, एक जिंदा टिफिन बम और बारूद लेकर पुलिस के पास पहुंचे थे। दोनों का पुलिस ने स्वागत करते आम नागरिक की तरह जीवन निर्वाह करने कहा। एसपी कमलोचन कश्यप ने दोनों नक्सलियों को दस-दस हजार रुपए का चेक भी सौंपा। पुलिस के मुताबिक जनमिलीशिया सदस्य नेल्लीराम माड़ क्षेत्र के नक्सली नेता दीपक के कहने से संगठन में जुड़ा। संगठन ने उसे 2016 से हांदावाड़ा क्षेत्र में तैनात किया। जहां वह जनमिलीशिया सदस्य के रूप में कार्य कर रहा है। इसी तरह मुन्ना इस्ता भी 2013 से संगठन में है। क्षेत्र के कई नक्सली वारदात में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई हैं लेकिन अब उनकी खोखली विचार धारा और पक्षपात से तंग आ चुके हैं। इसलिए आत्मसमर्पण का मन बनाया और काफी दिनों से फोर्स से संपर्क करना चाहते थे। इस बीच पुलिस के बैनर-पोस्टर से अधिकारियों का नंबर पाया तो संपर्क किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों का कहना है कि वे परिवार और आम लोगों के बीच खुशहाल जिंदगी जीना चाहते हैं।

जंगल की भाग-दौड़ और हिंसा भरी जिंदगी तंग आ चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्मसमर्पित नक्सलियों से बड़े खुलासे की संभावना है। इससे क्षेत्र में नक्सलवाद की कमर तोड़ने में सहयोग मिलेगा।

पहले बने आरडीए फ्लैट्स के पुनर्निर्माण की कवायद

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में स्थित 96 टिनामेंट फ्लैट्स का नव निर्माण करने की कवायद शुरु हो गई है। लगभग 50 साल पहले बने 96 टिनामेंट के फ्लैट्स अब जर्जर होने लगे हैं। इनके स्थान पर आधुनिक स्वरुप के फ्लैट्स निर्माण के लिए स्थानीय निवासियों व्दारा अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव से अनुरोध किया गया था। इस संदर्भ में आज आर्किटेक्ट आनंद खाड़िया व्दारा नए फ्लैट्स पुराने फ्लैट्स के स्थान पर नए फ्लैट्स योजना का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में दो बीएचके व एक बीएचके सुविधा वाले फ्लैट्स की ड्रॉईंग तैयार की गई है जिसमें कैम्पस बाऊन्ड्रीवाल, लिफ्ट के साथ ही आधुनिक सुविधाएं होंगी। जबकि पूर्व से निर्मित 96 टिनामेंट्स में सिर्फ दो कमरे लैट्रिन व बॉथरुम ही है। रसोई नहीं होने के कारण लोग बॉलकनी को ही रसोई के रुप में उपयोग कर रहे हैं। आज प्राधिकरण कार्यालय में निवासियों ने प्रस्तुतिकरण देखा तथा फ्लैट्स के अन्य लोगों से चर्चा कर सुझाव देने की बात कही। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्षव्दय गोवर्धन दास खंडेलवाल व रमेश सिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.डी. कावरे, अतिरिक्त सीईओ एस.आर. दीवान, मुख्य अभियंता जे. एस. भाटिया उपस्थित थे।

मृत व्यक्ति के नाम पर पीएम आवास

सरायपाली के ग्राम मोंहदा का मामला

जनधारा समाचार

सरायपाली। सरकार द्वारा गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संवालित की जा रही है, जिसमें से एक प्रधानमंत्री आवास योजना भी है जिसके तहत शहरी हितग्राहियों को 2 लाख 40 हजार तथा ग्रामीणों को 1 लाख 20 हजार रूपए की अनुदान राशि शासन से दी रही है, लेकिन वर्तमान समय में कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की लापरवाही के कारण योजना का लाभ वास्तविक हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है, जबकि कुछ ग्रामों में इस योजना के नाम पर पैसों की लेन-देन करके अपात्रों को लाभ दिलाने का खेल जोरों से चल रहा है, कुछ इसी तरह की शिकायत विगत दिनों ग्राम पंचायत मोंहदा में देखी गई। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहर एवं ग्रामीण अंचल के निर्धन वर्ग के कच्चे मकान धारियों के लिए ही निकाल गई, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखा

जा रहा कि कच्चे मकान के अलावा पक्के मकान वालों को भी आवास योजना का लाभ पहुचाया जा रहा है, वहीं कुछ जगह यह भी देखने को मिला है कि बिना निंव खोदे ही दुसरे के मकान को दिखाकर पूरी राशि का आहरण भी किया गया है, इसके अलावा मृत व्यक्तियों के नाम को कांटछांट कर उसी नाम के अन्य व्यक्ति को भी लाभ पहुचाने का मामला कुछ स्थानों पर देखा गया है, ग्राम पंचायत के मनोरंजन रत्नाकर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली को इस संबंध में शिकायत करते हुए उल्लेख किया है कि अपात्र लोगों को लाभ पहुँचाए जाने के कारण वास्तविक हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का सही लाभ नहीं मिल पा रहा है, मोंहदा में ऐसे कई भूमिहिन, गरीब एवं मजदुर परिवार है जिन्हें इसकी वास्तविक आवश्यकता है, लेकिन भय के कारण वे इसके विरूध्द आवाज उठाने में असमर्थ है, उन्होंने एसडीएम से इसकी निष्पक्ष जांच करवाने एवं इस प्रकार अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

शिव शंकर ने संभाला अपर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार

रायपुर। शुक्रवार को शिव शंकर लकड़ा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर पहुंचकर अपर मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार संभाला। शिव शंकर लकड़ा 1991 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व शिव शंकर लकड़ा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मुख्यालय में उपमुख्य सामग्री प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। शिव शंकर लकड़ा ने इससे पूर्व दक्षिण और मध्य रेलवे में उपमुख्य सामग्री प्रबंधक के तौर पर और वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे, मुम्बई मंडल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का विविध अनुभव प्राप्त है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी शाखा अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर रायपुर मंडल में चल रहे कार्यो और परियोजनाओं की जानकारी ली।

छोटा लिंग निराश क्यों? फ्री 100% आयुर्वेदिक
नया अविष्कार जापानी लिंगवर्द्धक

स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, नामर्दी, पेशाब में. धातु एवं जलन होना, लिंग का ढीलापन, छोटा एवं पतलेपन को दूर कर कडक व ताकतवर बनायें साथ में सेक्स टाइम बढाये १०० प्रतिशत आयुर्वेदिक इलाज, ३० दिनों की दावा के साथ मस्ती ऑयल जोशीला कैप्सूल, डीवीडी एवं मेमोरी कार्ड मुफ्त प्राप्त करें। लाभ नहीं तो पैसा वापस

लटके व ढीले स्तनों को उभारें



अपने छोटे व ढीले स्तन को सुन्दर, सुडौल, आकर्षक व कसावटी बनायें दवा घर बैठे मंगायें।

9974154313, 7698359280

प्रकाशक एवं मुद्रक गणेश प्रसाद मिश्रा द्वारा स्वामी अभित्यक्ति प्रकाशन प्रा.लि. के लिए मिशन मीडिया प्रा.लि., छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रायपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं सी-111, शिव मंदिर के सामने गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक- विवेक मिश्रा*, आरएनआई रजि. नं.-52143/91, डाक पंजीयन 29/2010-2012, * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।